## एक नजर में

### वृक्षारोपण में महिलाओं की भागीदारी से खिलेगी हरियाली - सावन में मातृशक्ति ने लिया संकल्प



**मंदसौर।** सावन मास के पावन अवसर पर प्रकृति के प्रति समर्पण और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मातृशक्ति श्री विश्वकर्मा काष्ठ एवं लोक कला कल्याण संगठन के तत्वावधान में, श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत चंद्रपुरा एवं नयापुरा महिला मंडल के संयुक्त सहयोग से तेलिया तालाब परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर हरियाली उत्सव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पौधे लगाते हुए यह संकल्प लिया कि वे न केवल वृक्षारोपण करेंगी, बल्कि लगाए गए वृक्षों की नियमित देखरेख भी करेंगी। संगठन की अध्यक्ष कृष्णा भावरेल और महिला मंडल चंद्रपुरा की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यदि महिलाएं वृक्षारोपण में आगे आएं तो हरियाली पल्लवित हो सकती है और समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना स्वत: विकसित होगी। कार्यक्रम में संगठन की उपाध्यक्ष सुधा भावरेल, कोषाध्यक्ष आशा शर्मा, मंत्री रेशमा शर्मा, तथा महिला मंडल की सदस्य मंजू झलोया, पवित्रा शर्मा, ज्योति तिवारी, आशा तिवारी, कांता शर्मा, शर्मिष्ठा शर्मा, अक्षिता भावरेल सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया और विविध प्रकार के पौधे रोपे।

कार्यक्रम का संचालन मंजू झलोया ने प्रभावी रूप से किया तथा अंत में आशा शर्मा (कोषाध्यक्ष, विश्वकर्मा काष्ठ एवं लोक कला कल्याण संगठन) ने आभार प्रकट किया।

इस प्रेरणादायी आयोजन ने यह संदेश दिया कि यदि समाज की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण का बीड़ा उठाएं, तो न केवल आज, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ और हरित भविष्य की सौगात दी जा सकती है।

### किसान घनश्याम पाटीदार जैविक खाद निर्मित कर अफीम कृषकों को करते हैं विक्रय

**मंदसौर।** मंदसौर, सेमलिया हीरा गांव के रहने वाले किसान घनश्याम पाटीदार पूरी तरह से केंचुए के माध्यम से जैविक खाद का निर्माण कर रहे हैं। इस कार्य के लिए इन्होंने पुणे और उदयपुर से प्रशिक्षण लिया। उसके पश्चात



उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया। वहां से सम्पूर्ण जानकारी से साथ 2 किलो केंचुए मिले। जिसकी मदद से जैविक खाद का निर्माण कर रहे हैं। वर्ष भर में उन्होंने 600 कट्टे जैविक खाद का निर्माण किया। जिसको ये 600 से 700 रुपए प्रति कट्टे के भाव से अफीम की खेती करने वाले किसानों को विक्रय कर चुके हैं। जिससे इनको बहुत अच्छी आय प्राप्त हुई। जैविक खाद निर्माण के लिए गांव में निर्मित गौशाला से गोबर खरीदने हैं और उससे जैविक खाद बनाते हैं। गोबर खरीदने से गौशाला को भी आय प्राप्त होती हैं। इसके साथ ही जैविक खाद में ट्रापकों डरमा भी मिलाते हैं। जिससे उसमें फंगस नहीं लगती हैं। इनके पास 8 बीघा जमीन भी है। जिसमें ये जैविक खेती करते हैं। और अच्छे दामों पर उन फसलों को बेचते हैं। उद्यानिकी विभाग के माध्यम से इन्होंने ड्रिप का भी लाभ लिया है। जिस पर उन्हें 16 हजार रुपए मिले। जिससे उन्होंने ड्रिप खरीदे। 8 हजार का अनुदान भी मिला।



## छोटे-बड़े महादेव पर सेल्फी और रील बनाना प्रतिबंधित, प्रशासन ने उठाए सुरक्षा कदम

नवभारत न्यूज

**भानपुरा। भानपुरा क्षेत्र में स्थित रमणीय पर्यटन स्थल छोटे महादेव एवं बड़े महादेव पर सेल्फी लेने और सोशल मीडिया के लिए रील बनाने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। विशेषकर बरसात के मौसम में इन स्थलों पर बढ़ते खतरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।**

> प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा हेतु सुरक्षा प्रबंध, वाहन पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जिसकी आमजन द्वारा सराहना की जा रही है। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी नियमों का पालन करें, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और धार्मिक पर्यटन स्थलों की गरिमा बनी रहे।

थाना भानपुरा प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र डांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि छोटे-बड़े महादेव के समीप अरावली पर्वत श्रृंखला की ऊँचाई और चट्टानी क्षेत्र मानसून के दौरान फिसलन भरे हो जाते हैं, जिससे यहां पर सेल्फी लेने या रील बनाना जानलेवा साबित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने खतरनाक स्थलों को चिन्हित करते हुए वहाँ चेतावनी बोर्ड, जाली और बैरिकेडिंग लगवाई है।

इसके साथ ही पुलिस जवानों को सुरक्षा निगरानी के लिए तैनात किया गया है, साथ ही सादा वेशभूषा में भी जवानों की टीम चेकिंग कर रही है। निरीक्षक डांगी ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है, और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे स्वयं इन खतरनाक स्थलों से दूरी बनाएं रखें, बच्चों और महिलाओं को इन स्थानों पर जाने से रोकें और यदि कोई व्यक्ति खतरनाक हरकत करता दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## कार-बाइक भिड़ंत, दो युवकों की दर्दनाक मौत

**पिपलियामण्डी।** पिपलियामंडी-मनासा मार्ग पर गांव सोमिया व नारायणगढ़ के बीच कार व बाइक भिडंत में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि कार सवार गंभीर घायल हो गया। बताया गया दोनों युवक भादवामाताजी दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसा दोपहर 1.30 बजे करीब हुआ। मनासा की ओर से आ रहे कार की पिपलियामंडी की ओर से जा रही बाइक (एमपी 14 एन बी 7842) से आमने-सामने भिड़त हो गई। प्रत्यदशदर्शियों के अनुसार हादसा तेज गति के चलते हुआ, इस कारण दोनों संभल नही पाए। इसमें बाइक सवार पिपलियामंडी थानान्तर्गत देवरी निवासी राजू (30) पिता मांगीलाल गायरी व लालचंद (28) पिता चेनराम गायरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार ड्राइवर मनासा निवासी राजेश शर्मा गंभीर घायल हो गया। जिसे नारायणगढ़ में उपचार के बाद मंदसौर रेफर कर दिया। भिड़त में बाइक व कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों के शव पीएम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिए। जिनका देवरी में अंतिम संस्कार हुआ। जानकारी के अनुसार दोनों युवक कृषि कार्य करते है, जो रविवार होने से भादवामाता दर्शन के लिए जा रहे थे।



## विधानसभा स्तरीय बूथ लेवल ऑफिसर का प्रशिक्षण प्रांरभ

नवभारत न्यूज

**भानपुरा। प्रशिक्षण की शुरुआत नायाब तहसीलदार रघुनाथ मचार द्वारा भानपुरा मांडल स्कूल मे की गई उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी बी. एल. ओ .से आहवान किया कि आप प्रशिक्षण को गभीरता से ले तथा समय समय पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो कार्य दिया जाता है उसे सजगता और सतर्कता से समय सीमा में पूर्ण करे।**

प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर रामगोपाल मेहरा, दिपक टेलर, मुकेश वशिष्ठ के द्वारा दिया जा रहा है प्रशिक्षण तीन चरणो मे आयोजित किया जा रहा है प्रशिक्षण में गहन पुनिरीक्षण पर भी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में विभिन्न केस स्टडी पर बी एल ओ ग्रुप द्वारा रोल प्ले भी किया गया 7 प्रशिक्षण के पश्चात प्रत्येक क्ष्रु .ह्र. का पोस्ट टेस्ट लीया गया।

इस अवसर पर तहसील कार्यालय के निर्वाचन शाखा के बेनी प्रसाद मरावी, रोहीत रागोठा, प्रवीण अहीर आदि उपस्थित रहे।



## भगवान श्री पशुपतिनाथ मनोकामना अभिषेक में 20 जोड़े और 3 व्यक्तियों ने किया अभिषेक

**मंदसौर। श्री पशुपतिनाथ प्रबंध समिति द्वारा 11 जुलाई से आयोजित भगवान श्री पशुपतिनाथ के श्रावण मास मनोकामना अभिषेक में चतुर्थ दिवस प्रथम श्रावण सोमवार को 20 जोड़े (बच्चों सहित पति-पत्नी) और 3 अन्य व्यक्ति अभिषेक में सम्मिलित हुए।**

सम्मिलित होने वाले अभिषेकार्थियों में ए.डी.एम. एकता जायसवाल दम्पत्ति और नायब तहसीलदार सुनील जायसवाल दम्पत्ति, कमल जायसवाल आदि ने अभिषेक किया।

आराधना सभागृह मंच पर भगवान पशुपतिनाथ रजत प्रतिमा का पूजन एडीएम एकता जायसवाल, नायब तहसीलदार सुनील जायसवाल, कमल जायसवाल, योग गुरू बंशीलाल टांक, डॉ. रविन्द्र पाण्डेय, राजाराम तंवर ने किया।

अभिषेक पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला आचार्य विष्णु ज्ञानी के मार्गदर्शन में पाठशाला के बटुकों (ब्रह्मचारियों) द्वारा वेदोक्त मंत्रों तथा शिव महिम्न स्त्रोत के प्रत्येक मंत्र के साथ कराया जा रहा है।

**एक नजर** | **नागरिक बाढ़ नियंत्रण कक्ष दूरभाष नंबर 07422-235113 पर संपर्क करें**

## विद्यार्थियों को जर्जर भवन में न बिठाए, बिठाने पर होगी कार्रवाई

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष हमेशा 24 घंटे एक्टिव रहे। वर्षाकाल एवं बाढ को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 118 में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।** जिसका दूरभाष नंबर 07422- 235113 है, कार्यालय में यह 24 घण्टे चालु रहेगा। अतिवृष्टि एवं बाढ़ के समय आम नागरिक बाढ़ नियंत्रण कक्ष दूरभाष नम्बर 07422-235113 पर सम्पर्क करें। सभी अधिकारी बाढ़ से बचाव हेतु अपनी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों को जर्जर एवं खस्ताहाल भवन/ कक्ष में न बिठाए, अगर इस तरह के भवन है तो उनको मरम्मत करवाए। इस संबंध में सभी प्राचार्य को निर्देशित करें। निर्देश के पश्चात भी अगर विद्यार्थियों को जर्जर भवनों में बिठाया गया तो सख्त कार्यवाही होगी। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, जिलाधिकारी मौजूद थे। निराश्रित मवेशी को गौशालाओं में छुड़वाने का इंतजाम करें। निराश्रित मवेशियों के मालिकों पर जुर्माना लगाए, जुर्माने के पश्चात भी अगर नहीं मानते है तो उचित कार्रवाई करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी सीडीपीओ कुपोषित बच्चों को चिन्हित करें तथा उनको एनआरसी में भर्ती करवाये। सभी बीएमओ इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखे की कुपोषित बच्चों को 15 दिन तक भर्ती रखे, बच्चों के पूरी तरह से स्वस्थ होने की बाद ही छुट्टी करें।



# नीमच

## एक नजर में

### जब स्वच्छता रथ पहुँचा भाटखेड़ी, ग्रामवासियों ने आरती उतारकर किया स्वागत

**मनासा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मनासा विधायक अनिरुद्ध



माधव मारू के प्रयासों से मनासा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छता रथ प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में जब स्वच्छता रथ भाटखेड़ी ग्राम पंचायत पहुँचा, तो वहां उत्सव जैसा वातावरण बन गया। ग्रामवासियों ने परंपरागत रूप से आरती उतारकर रथ की भव्य अगवानी की और पूरे गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाया। यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि अब स्वच्छता केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभावना का रूप ले चुकी है। भाटखेड़ी के सरपंच श्री मनोज पुरोहित सहित समस्त ग्रामीणों को इस प्रेरक पहल के लिए बधाई दी गई। साथ ही अन्य पंचायतों से भी इसी प्रकार की भागीदारी का आह्वान किया गया। विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू के नेतृत्व में मनासा विधानसभा स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श उदाहरण बनती जा रही है।

### अग्रवाल बिचला गोपालजी मंदिर की कार्यकारिणी घोषित

**नीमच।** श्री अग्रवाल बिचला गोपालजी महाराज (रजि.) समिति के अध्यक्ष



पवन गर्ग ने कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें संरक्षक शिवनारायण गर्ग, उपाध्यक्ष नंदकिशोर गर्ग, सचिव मुकेश सिंहल पार्टनर, कोषाध्यक्ष नितेश गोयल टोनी, सहसचिव गोपाल गर्ग (स्वर्णम), बैंक लॉकर प्रमुख अनिल गर्ग (स्वर्ण सागर), डॉ. अमित गोयल एवं पदेन अध्यक्ष पवन गर्ग, मंदिर व्यवस्थापक गोविन्द गोयल, कीर्तिकुमार गोयल, आशीश सिंहल सहित कार्यकारिणी में आशीष गोयल (वृंदावन), कन्हैया सिंहल, निलेश गर्ग, राकेश सिंहल, शैलेन्द्र गर्ग, मयंक मंगल, लोकेश गोयल, विशाल सिंहल को लिया गया है।

### मनासा में पौधारोपण किया

**मनासा।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के तत्वाधान में गत वर्ष हुवे पौधारोपण अभियान की ऐतिहासिक सफलता के बाद इस वर्ष भी विजयवर्गीय महासभा द्वारा इस वर्ष भी संपूर्ण भारतवर्ष की स्थानीय इकाइयों द्वारा एकसाथ 13 जुलाई 2025 को सामूहिक पौधारोपण हेतु निर्देशित किया




गया था। विजयवर्गीय वैश्य समाज मनासा इकाई द्वारा स्थानीय श्री रामद्वारा परिसर में वृक्षा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जिस जिसमें समाजजनों सहित बड़ी महिला मंडल की सदस्यों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लेते हुवे नीम,पीपल सहित तरह तरह के पौधों को रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के इस अंतरराष्ट्रीय प्रकल्प के साक्षी बने।

## लीलादेवी हत्याकांड : विधायक ने त्वरित कार्रवाई के लिए एसपी को दिया धन्यवाद

▶ **विधायक परिहार ने की हत्याकाण्ड का पर्दाफाश करने वाले टीम को 21 हजार रूपए पुरस्कार की घोषणा**



**नीमच। शहर के बंसल चौराहे के पास आशीर्वाद मल्टी में सनसनीखेज लीलादेवी हत्याकाण्ड को अंजाम देकर शहर की शान्त फिजां में जहर घोलने वाले आरोपियों पर कठोर कार्यवाही के लिए विधायक दिलीपसिंह परिहार ने जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल से चर्चा कर निर्देश दिए। साथ ही हत्याकाण्ड का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को 21 हजार रूपए पुरस्कार की घोशणा की।**

ज्ञातव्य है कि दिल दहला देने वाले उक्त जघन्य हत्याकाण्ड की सूचना मिलते ही विधायक परिहार ने तत्काल जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल से चर्चा कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

जिला पुलिस प्रशासन ने जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के नेतृत्व में गंभीरता से कार्य करते हुए दो दिन में हाईप्रोफाइल लीलादेवी हत्याकाण्ड के आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस टीम ने दिन-रात अथक प्रयास कर शहर के अलग अलग चौराहों और गलियों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी की पहचान कर आरोपी अर्जुन मीणा को बघाना स्थित उसके निवास से गिरफ्तार किया।

पुलिस प्रशासन की सूझबूझ, मेहनत और त्वरित कार्यवाही के लिए जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल को धन्यवाद देते हुए विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कहा कि नीमच शहर की फिजां शान्ति और अमन की रही है, इसका अमन-चैन और सौहार्द्र खराब करने वाले असामाजिक तत्वों पर त्वरित एवं कठोरतम कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि भविश्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लग सके।

> विधायक परिहार ने समाज की सौम्य शक्ति से अपील की है कि अनावश्यक असामाजिक तत्व यदि किसी भी प्रकार से परेशान करता है तो तत्काल एस.पी. व विधायक को अवगत कराएं। माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने असामाजिक तत्वों पर कठोरता से अंकुश लगाया है एवं दिनांक 15 से 30 जुलाई तक नशामुक्ति अभियान सरकार के निर्देश से चलाया जा रहा है, जो प्रशंसनीय है। श्री परिहार ने नशामुक्ति अभियान में आम जनता से बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील भी की।

## नीमच जायसवाल समाज समिति नीमच का स्नेह मिलन समारोह मनाया

**नीमच।** नीमच जायसवाल समाज समिति नीमच का स्नेह मिलन समारोह नीमच सिटी रोड स्थित पारसमणी गार्डन सभागार में 13 जुलाई रविवार को शाम 5 बजे समाज के आराध्य देव श्री राज राजेश्वर सहस्त्रार्जुन देव के चित्र पर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा एवं आरती के साथ आयोजित की गई। शांति पाठ से समारोह का विश्राम किया गया। इस अवसर पर नीमच जायसवाल समाज समिति नीमच (रजिस्टर्ड) के अध्यक्ष सुरेश सिंह जायसवाल, सचिव अनिल जायसवाल फोटो, राजेश जायसवाल, रमेश जायसवाल पूजा टेंट आदि मौजूद थे।

**स्थापना दिवस** | **कलेक्टर ने जिला पोषण समिति की बैठक में दिए निर्देश**

## बच्चों के चिन्हाकन कार्य का सुपरवाइजर सत्यापन करें : कलेक्टर

**नीमच। जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन का कार्य ठीक से हो। सुपरवाईजर एवं परियोजना अधिकारी, सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के चिंहाकन कार्य का सत्यापन करें। डेटा शुद्धीकरण पर विशेष ध्यान दें। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला पोषण समिति की बैठक में सभी सेक्टर सुपरवाईजर एवं सी.डी.पी.ओ.को दिए।**



बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या तथा जिला अधिकारी, सभी सी.डी.पी.ओ.एवं सेक्टर सुपरवाईजर उपस्थित थी। बैठक में कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों से गृह भेंट का शतप्रतिशत कार्य करने, सभी आंगनवाड़ी केंद्र माह में 25 दिवस से अधिक खुलने, संचालित करने, टेकहोम राशन का 90 से 95 प्रतिशत हितग्राहियों को वितरण सुनिश्चित करने, आंगनवाड़ी में दर्ज बच्चों में से 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों की उपस्थिति नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी सुपरवाईजर को निर्देशित किया, कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक कर, उन्हें आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की सभी प्रकार की गतिविधियों का आयोजन, नियमित रूप से पका भोजन वितरण, टीएचआर वितरण, आंगनवाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई, शतप्रतिशत बच्चों की केंद्र में पंजीयन,करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्म पका भोजन वितरण में जीरन सेक्टर में 85 प्रतिशत से अधिक उपलब्धी पर सराहना करते हुए सेक्टर सुपरवाईजर जीरन को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए।



## निशुल्क साइकिल वितरण योजना से बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान

**नीमच। शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत बरखेड़ी पानेरी के *EPES MS* स्कूल में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य एवं महिला बाल विकास समिति अध्यक्ष रतनलाल मालवत, भादवा माता मंडल उपाध्यक्ष मोहन नागदा, ग्राम पंचायत सरपंच देवकिशन शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर रतनलाल मलावत ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया तथा साइकिल को सावधानी पूर्वक चलाने तथा स्कूल के नियत समय पहुंचने हेतु साइकिल के महत्व के बारे में बताया। मंडल उपाध्यक्ष मोहन नागदा नेभी इस अवसर पर बच्चों को पढ़ाई में अच्छी मेहनत करने तथा आने वाले समय में साइकिल के साथ-साथ 12वीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर स्कूटी एवं लैपटॉप के बारे में भी बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सुभाष तुगनावत ने किया।




## ए फॉर अंबेडकर, बी फॉर भगत सिंह होना चाहिए : वैष्णव

▶ **प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को मिला प्रेरणा का संदेश**

**मनासा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) इकाई मनासा द्वारा सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय परिसर में किया गया। इस अवसर पर नगर के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाविप मालवा प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री संदीप जी वैष्णव रहे। आज ज़रूरत है कि हम ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल के स्थान पर ए फॉर अंबेडकर, बी फॉर भगत सिंह, सी फॉर चंद्रशेखर आज़ाद जैसी राष्ट्रनायकों से प्रेरित शिक्षा प्रणाली की ओर बढ़ें।

विशेष अतिथि के रूप में पर्यावरण मित्र संस्था के संस्थापक आनंद मानवत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीड बॉल का वितरण भी किया गयाऔर पर्यावरण मित्र बनें। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सुलेख बाहेती, नगर मंत्री आदित्य पोरवाल, संचालनकर्ता शुभम ग्वाला, तथा सम्मानित विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।